उत्तर प्रदेश शासन

नागरिक उड्डयन अनुभाग

संख्या : 96/2016/1342/छप्पन-2016-48/2014

लखनऊ : दिनांक : 07 दिसम्बर, 2016

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन परिचालन इकाई उ0प्र0 लखनऊ में पायलट (फिक्स्ड विंग) के पद पर कैप्टन प्रवीन किशोर को कार्यालय-ज्ञाप संख्या-2177/छप्पन-2014-19/2011, दिनांक 26.12.2014 के द्वारा नियत मासिक पारिश्रमिक रूपये 3,00,000/- (रूपये तीन लाख मात्र) तथा अनुमन्य विशेष उड़ान भत्ते पर 02 वर्ष (दो वर्ष) के लिये संविदा के आधार पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियुक्त किया गया था, जिसके अनुपालन में कैप्टन प्रवीन किशोर द्वारा दिनांक 17.01.2015 के पूर्वान्ह में योगदान प्रस्तुत किया गया, जो दिनांक 16.01.2017 को समाप्त हो रही है। निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा कै0 प्रवीन किशोर की निदेशालय में बताई गई आवश्यकता तथा कै0 प्रवीन किशोर द्वारा निदेशालय में कार्य करने की इच्छा के दृष्टिगत शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त कै0 प्रवीन किशोर, पायलट (फिक्स्ड विंग) की संविदा अवधि दिनांक 17.01.2017 से अग्रेत्तर 03 वर्ष के लिये नियत मासिक पारिश्रमिक रूपये 4,72,500/- (रूपये चार लाख बहत्तर हजार पॉच सौ मात्र) एवं नियमानुसार अनुमन्य विशेष अनुमन्य भत्ता तथा शासनादेश संख्या- 1422/छप्पन-2014- 17/2014, दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार देय वार्षिक वेतन वृद्धि के आधार पर पूर्व शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन बढ़ाये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- कै0 प्रवीन किशोर को उक्त संविदा अवधि में उपर्युक्त नियत मासिक पारिश्रमिक के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते देय नहीं होंगे। उपर्युक्त शर्तों के अधीन रहते हुए उन पर संविदा सेवा अवधि में अन्य शर्तें वही लागू होंगी, जो अस्थाई कर्मचारियों पर लागू होती हैं और वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-2, भाग-2 के सहायक नियम- 157-ए तथा तत्सम्बन्धी शासनादेशों के अन्तर्गत उन्हें अस्थायी राज्य कर्मचारियों की भॉति अवकाश देय होगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- कै0 प्रवीन किशोर से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को एक पक्ष में उपलब्ध कराया जायेगा।

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

कै0 प्रवीन किशोर,
पायलट (फिक्स्ड विंग)
नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0,
लखनऊ।

संख्या : 96/2016/1342(1)/छप्पन-2016 तददिनांक ।

1- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को इस अभ्युक्ति के साथ कि कै0 प्रवीन किशोर, पायलट (फिक्स्ड विंग) से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- महालेखाकार (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठा तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज, लखनऊ।
4- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
6- वित्त (सामान्य) अनुभाग1/2 , वित्त (लेखा) अनुभाग-1
7- वित्त (नियंत्रक), नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 सत्य प्रकाश तिवारी)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।